Roll No. .................................... Total Pages: 16

# 0206

## B.B.A. IInd Semester EXAMINATION, 2018

## GENERAL HINDI

## (सामान्य ज्ञान)

Time: Three Hours

Maximum Marks: 100

### INSTRUCTION/ निर्देश

1. The test booklet contains total **100** questions. Each question carry **1** (**one**) mark.
   प्रश्नपत्र में कुल 100 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
2. Candidate shall be required to attempt all **100** questions.
   सभी 100 प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।
3. No negative marking.
   ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
4. On receipt of test booklet, the candidate should immediately check it and ensure that it is complete in all respect. Discrepancy, if any, should be reported by the candidate to the invigilator within 10 minutes of receiving the test booklet.
   छात्र को प्रश्न बुकलेट प्राप्त करते ही सबसे पहले उसके कुल पृष्ठ तथा प्रश्न संख्या जाँच कर लें। यदि प्रश्न पत्र में कोई त्रुटि अथवा कटा–फटा हो तो छात्र बुकलेट मिलने के 10 मिनट के अन्दर तुरन्त पर्यवेक्षक को सूचित करें।
5. The answer sheet is in the form of **OMR** answer sheet. Candidates should blacken the circle corresponding to correct answer.
   छात्र को सभी प्रश्नों के उत्तर **OMR** शीट में देने हैं। छात्र को सही उत्तर के गोले को काली पेन्सिल/काले पेन से गहरा काला करना है।
6. While answering each question, candidate should blacken **OMR** properly with HB pencil or black ball pen as per instruction printed on the **OMR** sheet.
   छात्र को उत्तर देते समय **OMR** शीट पर दिये गये निर्देशों को ध्यान में रखते हुए एच. बी. पेन्सिल अथवा काले पेन से ही गोले को काला करना है।
7. For each question only one circle should be blackened. If more than one circle is found marked, the question will be treated unattempted.
   छात्र को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर एक गोले को ही काला करके देना है। यदि एक से अधिक गोले काले बनाये तो वह उत्तर नहीं पढ़ा जाएगा।
8. Candidate shall be required to deposit **OMR** answer sheet with the invigilator.
   छात्र को **OMR** शीट उत्तर देने के पश्चात् पर्यवेक्षक को जमा करानी अनिवार्य है।

1. 'गौरा' है–
   (A) गिलहरी
   (B) बिल्ली
   (C) गाय
   (D) खरगोश
2. आशुतोष किस रचना का पात्र है–
   (A) अपनी खबर
   (B) पाजेब
   (C) आखिरी चट्टान
   (D) गौरा
3. 'भीष्म को क्षमा नहीं किया गया' पाठ में प्रयुक्त 'शर' शब्द का अर्थ है–
   (A) बाग
   (B) बाण
   (C) धनुष
   (D) गाय
4. शृंखला की कड़ियां नामक पुस्तक के रचनाकार हैं–
   (A) श्रीराम शर्मा
   (B) महादेवी वर्मा
   (C) मोहन राकेश
   (D) मैथिलीशरण गुप्त
5. 'आखिरी चट्टान' नामक पाठ में ग्रेजुएट युवकों का लेखक ने क्या कार्य बताया?
   (A) सेना में भर्ती होना
   (B) शिक्षक बनना
   (C) व्यापार
   (D) नौकरियों के लिए अर्जी देना्
6. हरिशंकर परसाई की रचना है–
   (A) सदाचार का ताबीज
   (B) कामायनी
   (C) अपनी खबर
   (D) गोदान
7. अपनी खबर नामक पाठ के रचयिता हैं–
   (A) जयशंकर प्रसाद
   (B) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला
   (C) पांडेय बेचन शर्मा उग्र
   (D) महादेवी वर्मा

8. रामायणी किस रचना का पात्र है–
   (A) जिनावर
   (B) मैं और मैं
   (C) कफन
   (D) अपनी खबर
9. ''राजनीति राष्ट्र की ही नहीं होती, मुहल्ले में भी राजनीति होती है।'' किस रचना से उद्धृत है–
   (A) ताहि बोई तू फूल
   (B) आखिरी चट्टान
   (C) गौरा
   (D) पाजेब
10. आखिरी चट्टान में कहाँ का वर्णन है?
   (A) जयपुर
   (B) हिमालय
   (C) पंजाब
   (D) कन्याकुमारी
11. गद्य विधा नहीं है–
   (A) नाटक
   (B) निबंध
   (C) गीति नाट्य
   (D) रेखाचित्र
12. किसी व्यक्ति, घटना या दृश्य का स्मरण करते हुए अपने अनुभवों को लिखना, कहलाता है–
   (A) यात्रा वृत्तांत
   (B) कहानी
   (C) जीवनी
   (D) संस्मरण
13. 'पृथ्वी परिक्रमा' किस विधा की रचना है–
   (A) संस्मरण
   (B) यात्रा वृत्तांत
   (C) निबंध
   (D) रेखाचित्र
14. व्यंग्य लेखन से किसका जुड़ाव नहीं है–
   (A) शरद जोशी
   (B) हरिशंकर परसाई
   (C) प्रेमचंद
   (D) श्रीलाल शुक्ले

15. ''घृणा उसका घात करती है जो घृणा करता है।'' कथन किस पाठ से लिया गया है–
   (A) मेरी लद्दाख यात्रा
   (B) आखिरी चट्टान
   (C) आकाशदीप
   (D) मैं और मैं
16. कहानी का अनिवार्य तत्व नहीं है–
   (A) मंचीयता
   (B) कथावस्तु
   (C) पात्र
   (D) भाषा
17. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की आत्मकथा है–
   (A) अपनी खबर
   (B) मेरी असफलताएं
   (C) सिंहावलोकन
   (D) मेरी आत्मकथा
18. 'मैं और मैं' निबंध किस कृति से लिया गया है–
   (A) मानसरोवर
   (B) चंद्रगुप्त
   (C) जिए तो ऐसे जिए
   (D) कामायनी
19. 'ज्वालासाल का बदमाश नर' किसकी कथा है–
   (A) व्यापारी
   (B) शेर
   (C) आतंकवादी
   (D) सैनिक
20. लौहपुरुष के नाम से कौन जाना जाता है–
   (A) महात्मा गांधी
   (B) रामधारीसिंह दिनकर
   (C) सरदार वल्लभ भाई पटेल
   (D) विवेकानंद
21. लाल निशान कहानी के रचनाकार हैं–
   (A) हिमांशु जोशी
   (B) प्रेमचंद
   (C) रामगोपाल शर्मा दिनेश
   (D) अज्ञेय

22. यादवेंद्र शर्मा चंद्र की कहानी है–
    (A) जनक की पीड़ा
    (B) गदल
    (C) आकाशदीप
    (D) लाल निशान
23. डॉ. शिवप्रसाद सिंह का जन्म कहाँ हुआ–
    (A) इलाहाबाद
    (B) जयपुर
    (C) वाराणसी
    (D) दिल्ली
24. अज्ञेय द्वारा रचित कहानी संग्रह नहीं है–
    (A) छाया
    (B) जयदोल
    (C) कोठरी की बात
    (D) परम्परा
25. ''मैं अकेला नहीं रख सकता। मैं बूढ़ा हो गया हूँ।..........मुझे जी बहलाने के लिए यहीं रहने दो। उसने तड़पकर विरोध किया।'' यहाँ विरोध किसने किया था–
    (A) कालीचरण
    (B) माधव
    (C) घीसू
    (D) जनक
26. दामोदर की काला पानी की सजा को दर्शाने वाली कहानी है–
    (A) जिनावर
    (B) अगला यथार्थ
    (C) जनक की पीड़ा
    (D) चौराहे का आदमी
27. ''बुद्धराज! मेरे लिए सब भूमि मिट्टी है। सब पवन शीतल है। कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्वजित नहीं है।'' किसका कथन है–
    (A) मणिभद्र
    (B) चंपा
    (C) नाविक
    (D) बुद्धगुप्त
28. घीसू व माधव किस कहानी के पात्र हैं?
    (A) आकाशदीप
    (B) कफन
    (C) जिनावर
    (D) लाल निशान

29. ''दुनिया का दस्तूर है, नहीं लोग बाभनों को हजारों रुपये क्यों देते हैं। कौन देखता है, परलोक मिलता है या नहीं।'' कथन किस कहानी से लिया गया है?
   (A) अगला यथार्थ
   (B) गैंग्रीन
   (C) जिनावर
   (D) कफन
30. प्रेमचंद के कहानी संग्रह 'मानसरोवर' के कितने भाग हैं?
   (A) चार
   (B) आठ
   (C) छः
   (D) तेरह
31. कालिंदीचरण किस कहानी के पात्र हैं?
   (A) कफन
   (B) गदल
   (C) पत्नी
   (D) लाल निशान
32. गदल कहानी का पात्र नहीं है–
   (A) गदल
   (B) डोडी
   (C) सुनन्दा
   (D) निहाल
33. ''आठ हजार चाहिए, हाँ SSS'' तड़ाक से एक चाँटा हवलदार ............ने उसकी कनपटी में रसीद कर दिया।'' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त शब्द है–
   (A) रामसिंह
   (B) बिशनसिंह
   (C) नरेन्द्रसिंह
   (D) प्रतापसिंह
34. 'अगला यथार्थ' कहानी में दामोदर की कैदी संख्या कितनी बताई गई थी?
   (A) दस
   (B) साठ
   (C) अस्सी
   (D) पचास
35. ''मरना सहज नहीं है....मनुष्य मृत्यु से डरता है......मेरी नन्हीं गुड़िया ......मुझे मरने से डर लगता है..... एक मुर्दा जिंदगी का मोह मुझसे बँधा है। मैं कायर हूँ ...डरपोक हूँ।'' कथन किस कहानी से उद्धृत है–
   (A) जनक की पीड़ा
   (B) अगला यथार्थ
   (C) जिनावर
   (D) गदल

36. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित कहानी संग्रह नहीं है–
   (A) छाया
   (B) प्रतिध्वनि
   (C) आकाशदीप
   (D) आरपार की माला
37. मालती किस कहानी की पात्र है?
   (A) जिनावर
   (B) कफन
   (C) गैंग्रीन
   (D) अगला यथार्थ
38. रामगोपाल शर्मा दिनेश की कहानी 'लाल निशान' उनके किस कहानी संग्रह में सुगृहीत हैं–
   (A) मुरदा सराय
   (B) छाया
   (C) चौराहे का आदमी
   (D) नीला चाँद
39. राजस्थान के कथा शिल्पी रांगेय राघव द्वारा रचित कहानी संग्रह नहीं है–
   (A) विपथगा
   (B) तूफानों के बीच
   (C) देवदासी
   (D) अंगारे न बुझे
40. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित कहानी संग्रह नहीं है–
   (A) छाया
   (B) प्रतिध्वनि
   (C) मानसरोवर
   (D) आकाशदीप
41. पत्र लेखन की विशेषता नहीं है–
   (A) सरल भाषा
   (B) दुरूहता
   (C) संक्षिप्तता
   (D) सुस्पष्टता
42. गैर सरकारी पत्र व्यवहार को कहा जाता है–
   (A) शासकीय पत्र
   (B) अर्द्धशासकीय पत्र
   (C) सामाजिक पत्र
   (D) परिपत्र

43. सामाजिक पत्रों की श्रेणी में नहीं आता है–
   (A) बधाई पत्र
   (B) शोक पत्र
   (C) निमंत्रण पत्र
   (D) परिपत्र

44. एक अच्छे सामाजिक पत्र में आवश्यक नहीं है–
   (A) सौजन्यता
   (B) क्लिष्टता
   (C) सहृदयता
   (D) शिष्टता

45. ज्ञापन की रचना होती है–
   (A) प्रथम पुरुष में
   (B) मध्यम पुरुष में
   (C) अन्य पुरुष में
   (D) उत्तम पुरुष में

46. विभिन्न सरकारी अधिकारियों के बीच का वह पत्र व्यवहार जिसमें वह सामने वाले अधिकारी की व्यक्तिगत सम्मति जानना चाहता हो, किस प्रकार का पत्र व्यवहार कहलायेगा–
   (A) कार्यालय आदेश
   (B) टिप्पणी लेखन
   (C) अर्द्धसरकारी पत्र
   (D) व्यक्तिगत पत्र

47. स्मरण पत्र का दूसरा नाम है–
   (A) अनुस्मारक
   (B) अधिसूचना
   (C) परिपत्र
   (D) स्मारक

48. भारतीय गजट में प्रकाशित नियमों, आदेश, अधिकार और नियुक्ति की सूचना के संबंध में प्रयुक्त पत्र है–
   (A) बधाई पत्र
   (B) अधिसूचना
   (C) कार्यालयी पत्र
   (D) निविदा

49. सरकार जब किसी निर्णय का प्रचार विस्तृत रूप से करना चाहती है, तब जारी किया जाता है–
   (A) परिपत्र
   (B) प्रेस विज्ञप्ति
   (C) कार्यालय आदेश
   (D) निविदा

50. गुरु द्वारा किसी शिष्य को लिखे गए पत्र में अभिवादन के रूप में लिखा जाएगा–
   (A) प्रणाम
   (B) सादर प्रणाम
   (C) स्नेहाकांक्षी
   (D) शुभाशीर्वाद

51. Draft has been amended accordingly का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) प्रारूप तदनुसार संशाधित कर दिया गया है।
   (B) बैंक ड्राफ्ट सही करवाया दिया गया है।
   (C) ड्राफ्ट सही करवाकर भेजिए।
   (D) ड्राफ्ट अधिकारी को भेज दिया है।

52. A chronological summery of the case is placed below का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) इस मामले का केस नीचे दिए गए।
   (B) इस मामले का तिथिवार सारांश नीचे दिया गया है।
   (C) इस मामले का बिंदुवार सारांश नीचे दिया गया है।
   (D) इस मामले को सारांश रूप में नीचे दिया गया है।

53. Needful has been done का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) जरूरतमंद की मदद कर दी है।
   (B) जरूरत के अनुसार कार्यवाही होनी चाहिए।
   (C) जरूरी पत्र भेज दिए हैं।
   (D) जरूरी कार्रवाई कर दी गई है।

54. Seen, Thanks. का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) दृश्य, धन्यवाद।
   (B) सीन पूरा हो गया, धन्यवाद।
   (C) देख लिया, धन्यवाद।
   (D) दृश्य देख लिया, धन्यवाद।

55. Action may be taken as proposed का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए।
   (B) कार्रवाइ्र कर दी गई है।
   (C) नियमानुसार कार्रवाई की जाए।
   (D) एक्शन लिया जााए।

56. Vice Chancellor शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) कुलाधिपति
   (B) कुलपति
   (C) उपकुलपति
   (D) प्रतिकुलपति

57. Registrar शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) वित्त नियंत्रक
   (B) कार्यालय अधीक्षक
   (C) कुलसचिव
   (D) उप कुलसचिव
58. Professor शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) आचार्य
   (B) सह आचार्य
   (C) सहायक आचार्य
   (D) प्राचार्य
59. Stenographer शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) लिपिक
   (B) आशुलिपिक
   (C) वरिष्ठ लिपिक
   (D) कनिष्ठ लिपिक
60. Drawing Officer शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) वितरण अधिकारी
   (B) चित्र संरक्षक अधिकारी
   (C) चित्राधिकारी
   (D) आहरण अधिकारी
61. खूब लाभ होना को दर्शाने वाला मुहावरा है–
   (A) छक्के छूटना
   (B) पौ बारह होना
   (C) चाँदी का जूता मारना
   (D) निन्यानवे का फैर होना
62. किसी वस्तु को पाने की उत्कट लालसा के लिए मुहावरा है–
   (A) आँखें चुराना
   (B) आँखें बिछाना
   (C) आँखें खुलना
   (D) आँखों में गड़ना
63. दान कोई करे कुढ़न दूसरे को हो, को दर्शाने वाली लोकोक्ति है–
   (A) तेली खसम किया फिर भी रूखा खाया।
   (B) तेली के बैल को घर ही पचास कोस।
   (C) तेली का तेल जले, मशालची का दिल जले।
   (D) दर्जी की सुई, कभी तागे में कभी टाट में।

64. 'पकाई खीर पर हो गया दलिया' लोकोक्ति का अर्थ होगा–
   (A) अनुभवहीन
   (B) दुर्भाग्य
   (C) विनाश होना
   (D) निर्लज्ज होना
65. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है–
   (A) अतिथि
   (B) अतिथी
   (C) अथिति
   (D) अथिती
66. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है–
   (A) दवाईयाँ
   (B) तैंतालीस
   (C) नींबू
   (D) देहिक
67. निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है–
   (A) प्रसंशा
   (B) प्रोज्वल
   (C) उज्जवल
   (D) परिक्षित
68. निम्नलिखित में से अशुद्ध शब्द है–
   (A) मुहूर्त
   (B) मारुति
   (C) रवींद्र
   (D) राजनितिक
69. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
   (A) यह ग्रंथ विद्वतापूर्ण लिखा गया है।
   (B) बरसात होने की संभावना है।
   (C) यह सबसे सुंदरतम साड़ी है।
   (D) मौर्यकालीन समय में लोग सुखी थे।
70. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
   (A) हमारे प्रांत के लोग मेहनती हैं।
   (B) समाज में अराजकता की समस्या बढ़ रही है।
   (C) वह रोज पानी से पौधों को सींचता है।
   (D) वर्षाकालीन दिनों में कीचड़ हो जाता है।

71. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है–
   (A) सप्रमाण सहित उत्तर दीजिए।
   (B) वह इस इलाके का विख्यात तस्कर है।
   (C) लड़की है तो बुद्धिमती।
   (D) खेती का आधुनिकीकरण करना जरूरी है।
72. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है–
   (A) इस सौभाग्यकांक्षिणी कन्या को आशीर्वाद दें।
   (B) उसे आज ही अपना काम पूरा करना है।
   (C) एकता में ही शक्ति है।
   (D) किसी लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार को आमंत्रित करो।
73. Consignment शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) प्रेषक
   (B) अनुवर्ती
   (C) संचित
   (D) अवेक्षित
74. Endorse शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) अदायगी
   (B) पृष्ठांकन
   (C) प्रवर्तन
   (D) आँकड़े
75. Forenoon शब्द का सही हिंदी अनुवाद होगा–
   (A) अपराह्न
   (B) पूर्वाह्न
   (C) मध्याह्न
   (D) अग्राह्न्
76. Head शब्द का सही हिंदी अनुवाद नहीं है–
   (A) शीर्ष
   (B) मद
   (C) प्रधान
   (D) श्रेष्ठ
77. अपने लिए किए हुए उपकार को याद रखने वाला कहलाता है–
   (A) कृतघ्न
   (B) कृपण
   (C) कृतज्ञ
   (D) कृतसंकल्प

78. जिंदा रहने की इच्छा को कहते हैं–

(A) जिज्ञासा

(B) जिजीविषा

(C) जिघांसा

(D) जितेंद्रिय

79. गंगा, यमुना और सास्वती का संगम स्थल कहलाता है–

(A) त्रिकुटी

(B) त्रिकाल

(C) त्रिवेणी

(D) त्रिगुण

80. हाथ से लिखी हुई पुस्तक कहलाती है–

(A) पेशल

(B) पांडुलिपि

(C) परिव्राजक

(D) पार्थिव

81. देवनागरी लिपि में 'ऐ' की मात्रा को दर्शाने वाला विकल्प है–

(A) ा

(B) े

(C) ै

(D) ी

82. देवनागरी में अंक 4 को दर्शाने वाला विकल्प है–

(A) १

(B) ७

(C) ४

(D) ९

83. अनुनासिकता चिह्न से बना शब्द है–

(A) माँ

(B) अंगूर

(C) डाक्टर

(D) ब्रह्मा

84. हिंदी के विभक्ति चिह्न संज्ञा शब्दों में प्रतिपादक से पृथक लिखे जाएँ। इसको दर्शाने वाला विकल्प है–

(A) उसने

(B) उसको

(C) उसपर

(D) राम ने

85. मानकीकरण की दृष्टि से सही है–

(A) किसे

(B) नयी

(C) हुवा

(D) दिखाए

86. संयुक्त व्यंजन के रूप में जहाँ पंचमाक्षर (ण्, न्, आदि) के बाद सवर्गीय शेष चार वर्णों में से कोई हो तो एकरुपता लाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है–

(A) अनुनासिक

(B) अनुस्वार

(C) विराम

(D) विसर्ग

87. निम्न में से संख्यावाचक शब्दों का मानक रूप है–

(A) तैंतालीस

(B) छासठ

(C) छियोतर

(D) इकरानवे

88. निम्न में से संख्यावाचक शब्दों का मानक रूप नहीं है–

(A) इठयासी

(B) उनहत्तर

(C) सड़सठ

(D) छियासी

89. मानकीकृत रूप से लिखित शब्द है–

(A) गवय्या

(B) महान

(C) इगोतर

(D) चाहिये

90. क्षेत्रीय प्रभाव के कारण होने वाली अशुद्धि है–

(A) लिपी

(B) सृजन

(C) श्रीमति

(D) धोका

91. देवनागरी लिपि की विशेषता नहीं है–

(A) इसके वर्णों में सुडोलता है।

(B) इसमें प्रत्येक अक्षर का उच्चारण होता है।

(C) इसमें रोमन की भाँति अक्षर उच्चरित होने से छूटते हैं।

(D) इसमें सभी वर्णों का एक ही रूप होता है।

92. निम्न में से किसकी लिपि देवनागरी नहीं है–

(A) मराठी

(B) कोंकणी

(C) नेपाली

(D) कन्नड़

93. कम्प्यूटर में हिंदी फोंट की समस्या को हल करता है–

(A) यूनिकोड

(B) की बोर्ड

(C) माउस

(D) ट्रांसलिटरेशन

94. स्क्रीन के सबसे निचले भाग पर एक लम्बा सा बार देखते हैं, वह कहलाता है–

(A) टाइटल बार

(B) टास्क बार

(C) स्पेस बार

(D) मेन्यू बार

95. वेब पते किससे प्रारंभ होते हैं–

(A) htp

(B) url:/

(C) smtp//

(D) http://

96. पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन में किस प्रकार की सूचनाओं का प्रयोग किया जा सकता है?

(A) ऑडियो

(B) वीडियो

(C) टेक्सट

(D) उपर्युक्त सभी

97. निम्नलिखित में से कौनसा इनपुट उपकरण नहीं है–

(A) स्कैनर

(B) माउस

(C) प्रिंटर

(D) कीबोर्ड

98. बहुवैल्पिक प्रश्नों की जाँच के लिए कौन सा उपकरण है–

(A) OMR

(B) OCR

(C) MICR

(D) ORR

99. सर्वाधिक उपयोग किया जाने वाला ऑपरेटिंग सिस्टम है–

(A) यूनिक्स

(B) लाइनेक्स

(C) मेक ओएस

(D) विंडोज़

100. विंडोज़ में डिलीट की गई फाइलें स्टोर होती हैं–

(A) रिसाइकल बिन

(B) फॉल्डर

(C) माई डॉक्यूमेंट

(D) डी ड्राइव

-------------------------------